# शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

देहरादून (वि)। शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में एकेडमी ऑफ



फिजिकल साइंस के सहयोग से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का कॉलेज परिसर में शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीर माधो भंडारी, उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति डॉ. ओंकार सिंह, यूकास्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत, यूसर्क की निदेशक डॉ. अनिता रावत, शिवालिक कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रह्लाद सिंह, कॉलेज के वाइस चेयरमैन अजय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पहले दिन डॉ. ओंकार सिंह ने शिवालिक कॉलेज को नैक ए प्लस ग्रेड मिलने पर बधाई दी। इस मौके पर अतिथियों ने शिक्षा, शोध, आइडिया एंड डेवलपमेंट आदि पर विचार व्यक्त किए।